# REPORT OF NSS SEVEN DAYS SPECIAL CAMP HELD FROM 14 FEB TO 20 FEB 2024 AT SHAHEEDI PARK NEAR JHAJJAR BYPASS

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय**,** झज्जर की राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई के द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन झज्जर बाईपास के पास शहीदी पार्क क्षेत्र में **14.02.2024** से **20.02.2024** तक किया गया । शिविर में सभी पाठ्यक्रमों और अध्ययन के वर्षों के छात्रों ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। भाग लेने वाले सभी स्वयंसेवकों का रात्रि विश्राम महाविद्यालय परिसर में था।

**पहला दिन : 14 फरवरी 2024**

वसंत पंचमी के अवसर पर सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर का उद्घाटन माननीय प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और एनएसएस गीत के साथ कॉलेज सभागार में किया गया । इस दौरान वहां श्रीमती सुरीला, श्री सौरभ जैन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारीयों भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. दलबीर सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री विकास सुहाग ने किया। मुख्य अतिथि ने उद्घाटन भाषण में हमारे जीवन में एनएसएस के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अपने जीवन में एनएसएस की सफलता की कहानी पर चर्चा की। श्रीमती सुरीला और श्री सौरभ जैन ने भी सामुदायिक सेवा और वसंत पंचमी के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। शिविर "आत्मनिर्भर भारत" विषय पर आयोजित किया गया था। 14 फरवरी 2019 को पुलवामा आतंकी हमले में लगभग 40 सीआरपीएफ जवानों की जान चली गई। भारत शहीदों के बलिदान को याद करने और आतंकवाद के खतरे की निंदा करने के लिए 14 फरवरी को काला दिवस मनाता है। अतिथियों एवं कार्यक्रम पदाधिकारी सहित सभी स्वयंसेवकों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी. काला दिवस एवं साक्षर समाज विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। दोपहर के भोजन के बाद स्वयंसेवकों ने शहीदी पार्क के गोद लिए क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने पार्क में आने वाले पर्यटकों के बीच स्वच्छता के बारे में जागरूकता भी फैलाई। शाम को सभी स्वयंसेवकों ने खेलकूद गतिविधियाँ का लुत्फ़ उठाया


GPS Map Camera
Jhajjarrural, Haryana, India
NH352, Jhajjarrural, Haryana 124104, India
Lat 28.612685°
Long 76.679711°
14/02/24 11:34 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Jhajjar, Haryana, India
JM6G+GP9, Jhajjar, Haryana 124104, India
Lat 28.610036°
Long 76.678268°
14/02/24 01:33 PM GMT +05:30
Google




GOVT. POST
1959
DEPARTMENT OF COMMERCE
राष्ट्रीय सेवा योजना
Unit - I
Not me
But you
सात दिवसीय शिविर
National Service Scheme
(Not Me But You)
7 DAYS SPECIAL CAMP
Organised By
NSS UNIT - II
GOVT. P.G. NEHRU COLLEGE, JHAJJAR
GPS Map Camera
Jhajjarrural, Haryana, India
JM7P+578, Jhajjarrural, Haryana 124104, India
Lat 28.612664°
Long 76.685535°
14/02/24 02:45 PM GMT +05:30
Google


SAHIDI PARK
M C JHAJJAR
GPS Map Camera
Jhajjar, Haryana, India
JM59+CW6, Jai Hind Colony, Jhajjar, Haryana 124103, India
Lat 28.608118°
Long 76.669752°
14/02/24 03:17 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Jhajjar, Haryana, India
JM5C+366 Shaheedi Park, SH 22, Jhajjar, Haryana 124103, India
Lat 28.60776°
Long 76.670018°
14/02/24 03:14 PM GMT +05:30
Google




# नेहरू कालेज में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर शुरू



एनएसएस शिविर के दौरान प्राचार्य डाक्टर दलबीर को पौधा भेंट करते हुए एनएसएस इकाई से जुड़े स्वयं सेवक। ● इंटरनेट मीडिया

**जासं, झज्जर** : राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय झज्जर में एनएसएस इकाई एक और दो के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डा.दलबीर सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि एनएसएस से विद्यार्थी के जीवन की दिशा बदल जाती है और दृष्टिकोण पर व्यापक असर पड़ता है। उन्होंने अपने जीवन का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार एनएसएस के कार्यक्रमों और शिविरों से उन्हें प्रेरणा मिली और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन हुए। शिविर में बलिदानियों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन धारण भी किया गया। विशिष्ट अतिथि डा.रितु खत्री ने दांतों की समस्याओं और उनके निदान के बारे में जानकारी दी।

**दूसरा दिन: 15 फरवरी 2024**

प्रात्त: योग अभ्यास तथा स्वादिष्ट नाश्ता करे के बाद सभी स्वयंसेवकों में काफी उर्जा थी । इस दिन मुख्य अतिथि डॉ ऋतू खत्री , दांतों की विशेषज्ञ रही । विशिष्ट अतिथि ने दांतों की समस्याओं और उनके निदान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार लेने तथा फास्ट फूड से दूर रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि इनका हमारी सेहत पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। विद्यार्थियों ने शहीदी पार्क में बाल विवाह रोकथाम पर रैली निकाली। शिविर के दूसरे दिन कॉलेज परिसर में सफाई अभियान चलाया गया और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें स्वच्छता अभियान और आत्मनिर्भर भारत से जुड़े स्लोगन लिखे गये। शाम को सभी स्वयंसेवकों ने खेलकूद गतिविधियाँ का लुत्फ़ उठाया एवं संस्कृतिक गतिविधियाँ की ।






GOVT. POST GRADUATE NEHRU COLLEGE, JHAJJAR
1959
राष्ट्रीय सेवा योजना
Unit - I
सात दिवसीय शिविर
National Service Scheme
(Not Me But You)
7 DAYS SPECIAL CAMP
Organised By
NSS UNIT - II
GOVT. P.G. NEHRU COLLEGE, JHAJJAR
GPS Map Camera
Jhajjarrural, Haryana, India
JM7P+578, Jhajjarrural, Haryana 124104, India
Lat 28.613072°
Long 76.685608°
15/02/24 03:29 PM GMT +05:30
Google


National Service Scheme
(Not Me But You)
GPS Map Camera
Jhajjar, Haryana, India
JM6H+R77, Jhajjar, Haryana 124104, India
Lat 28.612549°
Long 76.678992°
15/02/24 03:41 PM GMT +05:30
Google

**तीसरा दिन: 16 फरवरी 2024**

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर की राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविरों के तहत शुक्रवार, 16 फरवरी 2024 को विस्तार व्याख्यान, श्रमदान, रैली और पोस्टर प्रतियोगिता की गतिविधियां आयोजित की गईं।

कार्यक्रम अधिकारी विकास सुहाग के मार्गदर्शन में इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रताप फलसवाल ने भारतीय संस्कृति पर विस्तार व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश की संस्कृति पर गर्व है। भारतीय संस्कृति का कोई आरंभ और अंत नहीं है। सनातन धर्म सबसे प्राचीन है। विज्ञान और धर्म का गहन संबंध है और दोनों परमाणु को केंद्र मानते हैं। स्वयंसेवकों ने कॉलेज की कैंटीन के आसपास के क्षेत्र में श्रमदान किया और साफ-सफाई की। स्वयंसेवकों ने आत्म निर्भर भारत और महिला सशक्तिकरण विषयों पर पोस्टर बनाए। इकाई दो के स्वयंसेवक संजीव और अमन प्रथम, सुमित और सौरभ द्वितीय तथा कपिल, प्रदीप एवं मोहित तृतीय रहे। द्वितीय इकाई के स्वयंसेवकों ने महिला सशक्तिकरण पर रैली भी निकाली।




G. C. J. - 2 22-7-2016


GPS Map Camera
Jhajjarrural, Haryana, India
JM6P+X7R, Jhajjarrural, Haryana 124104, India
Lat 28.612503°
Long 76.686033°
16/02/24 01:25 PM GMT +05:30
Google


National Service Schem
(Not Me But You)
7 DAYS SPECIAL CAMP
Organised By
NSS UNIT - II
GOVT. P.G. NEHRU COLLEGE, JHAJJAR
GPS Map Camera
Jhajjarrural, Haryana, India
JM7P+578, Jhajjarrural, Haryana 124104, India
Lat 28.61274°
Long 76.685688°
16/02/24 03:30 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Jhajjar, Haryana, India
JM6H+R77, Jhajjar, Haryana 124104, India
Lat 28.612669°
Long 76.678703°
16/02/24 03:44 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Jhajjar, Haryana, India
JM6H+R77, Jhajjar, Haryana 124104, India
Lat 28.612568°
Long 76.678815°
16/02/24 03:43 PM GMT +05:30
Google

दैनिक भास्कर
झज्जर भास्कर 18-02-2024

# महिला सशक्तिकरण पर रैली निकाली




**झज्जर** | राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविरों के तहत तीसरे दिन विस्तार व्याख्यान, श्रमदान, रैली और पोस्टर प्रतियोगिता की गतिविधियां आयोजित की गईं। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रताप फलसवाल ने भारतीय संस्कृति पर विस्तार व्याख्यान दिया। स्वयंसेवकों ने कॉलेज की कैंटीन के आसपास के क्षेत्र में श्रमदान किया और साफ-सफाई की। स्वयंसेवकों ने आत्म निर्भर भारत और महिला सशक्तिकरण विषयों पर पोस्टर बनाए। पोस्टर प्रतियोगिता में इकाई एक की स्वयंसेविका दिव्या और स्नेहा प्रथम, वर्षा और निधि द्वितीय तथा वैशाली और वर्षा रानी तृतीय रही। इकाई दो के स्वयंसेवक संजीव और अमन प्रथम, सुमित और सौरभ द्वितीय तथा कपिल, प्रदीप एवं मोहित तृतीय रहे। दोनों ईकाईयों के स्वयंसेवकों ने महिला सशक्तिकरण पर रैली भी निकाली।

# एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का तीसरा दिन

## विस्तार व्याख्यान, श्रमदान, रैली और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**ऑस्कर न्यूज लाईन (झज्जर)**

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविरों के तहत शुक्रवार को विस्तार व्याख्यान, श्रमदान, रैली और पोस्टर प्रतियोगिता की गतिविधियां आयोजित की गईं।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के मार्गदर्शन में इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रताप फलसवाल ने भारतीय संस्कृति पर विस्तार व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश की संस्कृति पर गर्व है। भारतीय संस्कृति का कोई आरंभ और अंत नहीं है। सनातन




धर्म सबसे प्राचीन है। विज्ञान और धर्म का गहन संबंध है और दोनों परमाणु को केंद्र मानते हैं। स्वयंसेवकों ने कॉलेज की कैंटीन के आसपास के क्षेत्र में श्रमदान किया और साफ-सफाई की। स्वयंसेवकों ने आत्म निर्भर भारत और महिला सशक्तिकरण विषयों पर पोस्टर बनाए। पोस्टर प्रतियोगिता में इकाई एक की स्वयंसेविका दिव्या और स्नेहा प्रथम, वर्षा और निधि द्वितीय तथा वैशाली और वर्षा रानी तृतीय रही। इकाई दो के स्वयंसेवक संजीव और अमन प्रथम, सुमित और सौरभ द्वितीय तथा कपिल, प्रदीप एवं मोहित तृतीय रहे। दोनों इकाईयों के स्वयंसेवकों ने महिला सशक्तिकरण पर रैली भी निकाली।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Jhajjar - 17 Feb 2024 - Page 3



## एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रताप ने भारतीय संस्कृति पर विस्तार व्याख्यान दिया

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में दिव्या और स्नेहा ने पाया पहला स्थान

- स्वयंसेवकों ने आत्म निर्भर भारत और महिला सशक्तिकरण विषयों पर पोस्टर बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविरों के तहत शुक्रवार को विस्तार व्याख्यान, श्रमदान, रैली और पोस्टर प्रतियोगिता की गतिविधियां आयोजित की गईं। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रताप फलसवाल ने भारतीय संस्कृति पर विस्तार व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश की संस्कृति पर गर्व है। भारतीय संस्कृति का कोई आरंभ और अंत नहीं है। सनातन धर्म सबसे प्राचीन है। विज्ञान और धर्म का गहन संबंध है और दोनों परमाणु को केंद्र मानते हैं। स्वयंसेवकों ने कॉलेज की कैंटीन के आसपास के क्षेत्र में श्रमदान किया और साफ-सफाई की। स्वयंसेवकों ने आत्म निर्भर भारत और महिला सशक्तिकरण विषयों पर पोस्टर बनाए। पोस्टर प्रतियोगिता में इकाई एक की स्वयंसेविका दिव्या और स्नेहा प्रथम, वर्षा और निधि द्वितीय तथा वैशाली और वर्षा रानी तृतीय रही। इकाई दो के स्वयंसेवक संजीव और अमन प्रथम, सुमित और सौरभ द्वितीय तथा कपिल, प्रदीप एवं मोहित तृतीय रहे। दोनों इकाईयों के स्वयंसेवकों ने महिला सशक्तिकरण पर रैली भी निकाली।



झज्जर। जागरूकता रैली निकालते हुए स्वयंसेवक। फोटो :हरिभूमि


झज्जर। विजय चिन्ह बनाते हुए विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## प्रश्नोत्तरी में नेहरू सदन के विद्यार्थी प्रथम

झज्जर।आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादनपुर में शुक्रवार को मातृभाषा हिंदी, सामान्य ज्ञान, सामाजिक विज्ञान व विज्ञान विषय पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता अंग्रेजी टीचर कुमारी हिना ने की। विद्यालय के प्राचार्य जयप्रकाश यादव ने विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में नेहरू सदन ने पहला व गांधी सदन के विद्यार्थियों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधन समिति सदस्या सीजू गहलावत ने विजेता प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पोस्टर प्रतियोगिता में दिव्या और स्नेहा प्रथम




झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविर के तहत शुक्रवार को विस्तार व्याख्यान, श्रमदान, रैली और पोस्टर प्रतियोगिता की गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रताप फलसवाल ने भारतीय संस्कृति पर विस्तार व्याख्यान देते हुए कहा कि हमें अपने देश की संस्कृति पर गर्व है। भारतीय संस्कृति का कोई आरंभ और अंत नहीं है। सनातन धर्म सबसे प्राचीन है। स्वयंसेवकों ने कॉलेज की कैंटीन के आसपास के क्षेत्र में श्रमदान किया और साफ-सफाई की। स्वयंसेवकों ने आत्म निर्भर भारत और महिला सशक्तिकरण विषयों पर पोस्टर बनाए। पोस्टर प्रतियोगिता में इकाई एक की स्वयंसेविका दिव्या और स्नेहा प्रथम, वर्षा और निधि द्वितीय व वैशाली और वर्षा रानी तृतीय रही। दोनों इकाईयों के स्वयंसेवकों ने महिला सशक्तिकरण पर रैली भी निकाली। संवाद

**चौथा दिन: 17 फरवरी 2024**

स्वास्थ्य है हमें प्यारा, नशा मुक्त रहे देश हमारा

इंसान को खोखला कर देता है नशा : डॉ. दलबीर सिंह

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर की राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविर के तहत शनिवार, 17 मार्च 2024 को विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं।

कार्यक्रम अधिकारी विकास सुहाग के मार्गदर्शन में इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 'स्वास्थ्य है हमें प्यारा, नशा मुक्त रहे देश हमारा' के उदघोष के साथ एनएसएस इकाई और नशा निषेध क्लब के तत्वाधान में नशे का प्रयोग न करने के लिए नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह की अध्यक्षता में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों तथा विद्यार्थियों और आसपास के निवासियों को महाविद्यालय परिसर एवं किसी भी सार्वजनिक स्थल पर नशे का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति को खोखला कर देता है और जागरूकता तथा दृढ़ संकल्प ही इससे दूर रहने का एकमात्र उपाय है। नशे की लत में पड़कर युवा अपना भविष्य बर्बाद कर लेते हैं और समाज से कट जाते हैं। डॉ. पुष्पेंद्र काद्यान ने एनएसएस के महत्त्व के बारे में बताया और स्वयंसेवकों को अपना सुधार खुद करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विभिन्न प्रेरणास्पद उदाहरणों के जरिए विद्यार्थियों को विभिन्न मूलभूत नैतिक मूल्यों से अवगत करवाया और सकारात्मकता बनाए रखने की सलाह दी। स्वयंसेवकों ने कॉलेज की कैंटीन के आसपास के क्षेत्र में श्रमदान किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।




राष्ट्रीय सेवा योजना
विशेष शिविर
राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर
स्वास्थ्य है हमे प्यारा,
नशा मुक्त रहे देश हमारा
NSS UNIT - II
राजकीय स्नाकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर
राष्ट्रीय सेवा योजना
Unit - I
Not me
But you
सात दिविसीय शिविर


GPS Map Camera
Jhajjarrural, Haryana, India
JM6P+WWX, Jhajjarrural, Haryana 124104, India
Lat 28.612508°
Long 76.686666°
17/02/24 10:43 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Jhajjarrural, Haryana, India
JM6P+WWX, Jhajjarrural, Haryana 124104, India
Lat 28.612702°
Long 76.686577°
17/02/24 10:44 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Jhajjarrural, Haryana, India
JM6P+WWX, Jhajjarrural, Haryana 124104, India
Lat 28.612506°
Long 76.68628°
17/02/24 02:34 PM GMT +05:30
Google

# नशामुक्ति के लिए जागरूकता रैली निकाली

## नेहरू कॉलेज में एनएसएस शिविर का चौथा दिन




राजकीय नेहरू कॉलेज में एनएसएस कैंप में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविर के तहत शनिवार को विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के मार्गदर्शन में इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। नशा निषेध क्लब के तत्वाधान में नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह की अध्यक्षता में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों तथा विद्यार्थियों और आसपास के निवासियों को महाविद्यालय परिसर एवं किसी भी सार्वजनिक स्थल पर नशे का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति को खोखला कर देता है और जागरूकता तथा दृढ़ संकल्प ही इससे दूर रहने का एकमात्र उपाय है। नशा निषेध क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. कुलदीप और शिव शंकर ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। डॉ. पुष्पेंद्र कादयान ने एनएसएस के महत्त्व के बारे में बताया और स्वयंसेवकों को अपना सुधार खुद करने के लिए प्रेरित किया।

### लोगों को नशा न करने का संकल्प दिलाया

उन्होंने विभिन्न प्रेरणास्पद उदाहरणों के जरिए विद्यार्थियों को विभिन्न मूलभूत नैतिक मूल्यों से अवगत करवाया और सकारात्मकता बनाए रखने की सलाह दी। स्वयंसेवकों ने कॉलेज की कैंटीन के आसपास के क्षेत्र में श्रमदान किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

# शरीर को खोखला कर देता नशा : दलबीर

**जागरण संवाददाता, झज्जर :** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय झज्जर की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविर के तहत शनिवार को विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम अधिकारी डा.मीनाक्षी और विकास सुहाग के मार्गदर्शन में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य है हमें प्यारा, नशा मुक्त रहे देश हमारा के उद्घोष के साथ दोनों एनएसएस इकाईयों और नशा निषेध क्लब के तत्वाधान में नशे का प्रयोग न करने के लिए नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई।

- राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की, स्वयंसेवकों ने निकाली जागरूकता रैली




नशा मुक्ति अभियान के दौरान जागरूकता रैली निकालते हुए स्वंयसेवक। ● इंटरनेट मीडिया

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. दलबीर सिंह की अध्यक्षता में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों तथा विद्यार्थियों और आसपास के निवासियों को महाविद्यालय परिसर एवं किसी भी सार्वजनिक स्थल पर नशे का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। प्राचार्य डा. दलबीर सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति को खोखला कर देता है और जागरूकता तथा दृढ़ संकल्प ही इससे दूर रहने का एकमात्र उपाय है। नशे की लत में पड़कर युवा अपना भविष्य बर्बाद कर लेते हैं। नशा निषेध क्लब के नोडल अधिकारी डा. कुलदीप और शिव शंकर ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। डा.पुष्पेंद्र कादयान ने एनएसएस के महत्त्व के बारे में बताया और स्वयंसेवकों को अपना सुधार खुद करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विभिन्न प्रेरणास्पद उदाहरणों के जरिए विद्यार्थियों को विभिन्न मूलभूत नैतिक मूल्यों से अवगत करवाया और सकारात्मकता बनाए रखने की सलाह दी। स्वयंसेवकों ने कालेज की कैंटीन के आसपास के क्षेत्र में श्रमदान किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।


हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com

Rohtak Jhajjar - 18 Feb 2024 - Page 2




झज्जर। कॉलेज परिसर में श्रमदान करते हुए स्वयंसेवक। *फोटो : हरिभूमि*

## स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर निकाली जागरुकता रैली

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह की अध्यक्षता में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों तथा विद्यार्थियों और आसपास के निवासियों को महाविद्यालय परिसर एवं किसी भी सार्वजनिक स्थल पर नशे का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को खोखला कर देता है और जागरूकता तथा दृढ़ संकल्प ही इससे दूर रहने का एकमात्र उपाय है। नशे की लत में पड़कर युवा अपना भविष्य बर्बाद कर लेते हैं और समाज से कट जाते हैं। नशा निषेध क्लब के नोडल अधिकारी डॉक्टर कुलदीप और शिव शंकर ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। डॉक्टर पुष्पेंद्र कादियान ने एनएसएस के महत्त्व के बारे में बताया और स्वयंसेवकों को अपना सुधार खुद करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विभिन्न प्रेरणास्पद उदाहरणों के जरिए विद्यार्थियों को विभिन्न मूलभूत नैतिक मूल्यों से अवगत करवाया और सकारात्मकता बनाए रखने की सलाह दी। स्वयंसेवकों ने कॉलेज की कैंटीन के आसपास के क्षेत्र में श्रमदान किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए गए।

**पांचवा दिन: 18 फरवरी 2024**

एनएसएस से होता है सर्वांगीण विकास : डॉ. पूनिया

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर की राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविर के तहत रविवार, 18 फरवरी 2024 को भी कई गतिविधियां आयोजित की गईं।

कार्यक्रम अधिकारी श्री विकास सुहाग के मार्गदर्शन में शहीदी पार्क कॉलोनी में इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुरेंद्र कुमार पूनिया ने एनएसएस के उद्देश्य और महत्त्व पर विस्तार व्याख्यान दिया और बताया कि एनएसएस के स्वयंसेवक विशेष व्यक्तित्व के धनी और भीड़ से अलग होते हैं और उन्हें खुद पर गर्व करना चाहिए। एनएसएस का गठन सर्वांगीण विकास के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक समस्याओं और सामाजिक बुराइयों के निराकरण के लिए स्वयंसेवक सदैव प्रयत्नशील रहें और अपने व्यक्तित्व का विकास करें। उन्होंने मानवता, प्रकृति संरक्षण, वृक्षारोपण और जल संरक्षण के बारे में बताया तथा सामाजिक एकता, सकारात्मकता और चरित्र निर्माण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता, टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता। शिविर में डिजिटल इंडिया विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके जरिए विद्यार्थियों ने डिजिटल इंडिया के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इकाई दो से यश और सौरभ प्रथम जबकि मोहित, अमित तथा रोबिन द्वितीय और रिंकू, नीरज, लखन एवं अमन तृतीय और मुकुल तथा रवि बेस्ट एक्सप्लेनेटर रहे। द्वितीय इकाई के स्वयंसेवकों ने श्रमदान भी किया।





# एनएसएस शिविर से होता है व्यक्तित्व का विकास : डा.सुरेंद्र



नेहरू महाविद्यालय में शिविर के दौरान एनएसएस के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए डाक्टर पूनिया। ● इंटरनेट मीडिया

**जागरण संवाददाता, झज्जर :** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविर के तहत रविवार को भी कई गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम अधिकारी डा.मीनाक्षी और विकास सुहाग के मार्गदर्शन में देव कालोनी और शहीदी पार्क कालोनी में इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। वरिष्ठ प्राध्यापक डा.सुरेंद्र कुमार पूनिया ने एनएसएस के उद्देश्य और महत्त्व पर विस्तार व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक समस्याओं और सामाजिक बुराइयों के निराकरण के लिए स्वयंसेवक सदैव प्रयत्नशील रहें और अपने व्यक्तित्व का विकास करें।

शिविर में डिजिटल इंडिया विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एनएसएस इकाई एक से तानिया, सिमरन और पूजा प्रथम तथा खुशी, तन्नू और नेहा द्वितीय जबकि दिव्या, मीनाक्षी और पूजा तृतीय तथा वर्षा बेस्ट एक्सप्लेनेटर रही। इकाई दो से यश और सौरभ प्रथम रहे। मोहित, अमित तथा रोबिन द्वितीय और रिंकू, नीरज, लखन एवं अमन तृतीय और मुकुल तथा रवि बेस्ट एक्सप्लेनेटर रहे। दोनों इकाइयों के स्वयंसेवकों ने श्रमदान भी किया।

## एनएसएस के उद्देश्य व महत्व पर डाला प्रकाश

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविर के तहत रविवार को भी कई गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के मार्गदर्शन किया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुरेंद्र कुमार पूनिया नेविस्तार व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक समस्याओं और सामाजिक बुराइयों के निराकरण के लिए स्वयंसेवक सदैव प्रयत्नशील रहें। शिविर में डिजिटल इंडिया विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एनएसएस इकाई एक से तानिया, सिमरन और पूजा प्रथम तथा खुशी, तन्नू और नेहा द्वितीय जबकि दिव्या, मीनाक्षी और पूजा तृतीय तथा वर्षा बेस्ट एक्सप्लेनेटर रही। इकाई दो से यश और सौरभ प्रथम जबकि मोहित, अमित तथा रोबिन द्वितीय और रिंकू, नीरज, लखन एवं अमन तृतीय और मुकुल तथा रवि बेस्ट एक्सप्लेनेटर रहे। संवाद



राजकीय नेहरू कॉलेज में स्वयंसेवकों को संबोधित करते वक्ता। स्रोत-कॉलेज

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Jhajjar - 19 Feb 2024 - Page 3

# सर्वांगीण विकास के लिए किया गया है एनएसएस का गठन : डॉ. पूनिया

■ वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुरेंद्र कुमार पूनिया ने एनएसएस के उद्देश्य और महत्त्व पर विस्तार व्याख्यान दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविर के तहत रविवार को भी कई गतिविधियां आयोजित की गईं। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुरेंद्र कुमार पूनिया ने एनएसएस के उद्देश्य और महत्त्व पर विस्तार व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि एनएसएस के स्वयंसेवक विशेष व्यक्तित्व के धनी और भीड़ से अलग होते हैं और उन्हें खुद पर गर्व करना चाहिए। एनएसएस का गठन सर्वांगीण विकास के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक समस्याओं और सामाजिक बुराइयों के निराकरण के लिए स्वयंसेवक सदैव प्रयत्नशील रहें और अपने व्यक्तित्व का विकास करें। उन्होंने मानवता, प्रकृति संरक्षण, वृक्षारोपण और जल संरक्षण के बारे में बताया तथा सामाजिक एकता, सकारात्मकता और चरित्र निर्माण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता, टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता। शिविर में डिजिटल इंडिया विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके जरिए विद्यार्थियों ने डिजिटल इंडिया के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। एनएसएस इकाई एक से तानिया, सिमरन और पूजा प्रथम तथा खुशी, तन्नू और नेहा द्वितीय जबकि दिव्या, मीनाक्षी और पूजा तृतीय तथा वर्षा बेस्ट एक्सप्लेनेटर रही। इकाई दो से यश और सौरभ प्रथम जबकि मोहित, अमित तथा रोबिन द्वितीय और रिंकू, नीरज, लखन एवं अमन तृतीय और मुकुल तथा रवि बेस्ट एक्सप्लेनेटर रहे।



झज्जर। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए डॉ. सुरेंद्र पूनिया। फोटो :हरिभूमि

**छठा दिन: 19 फरवरी 2024**

दिखावे और स्टेटस सिंबल के लिए अपने पैसे बर्बाद न करें विद्यार्थी : श्री दीपक

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर की राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविर के तहत छठे दिन सोमवार, 19 फरवरी, 2024 को कई गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम अधिकारी श्री विकास सुहाग के मार्गदर्शन में शहीदी पार्क कॉलोनी में इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया और आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की। वाणिज्य प्राध्यापक श्री दीपक कुमार ने पर्सनल फाइनेंस के बारे में विस्तार व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि अधिकतर विद्यार्थियों की आमदनी का साधन केवल छात्रवृत्ति है। विद्यार्थियों को

अपने आई-कार्ड का हर जगह उपयोग करना चाहिए क्योंकि कम्पनियां हर तरह की खरीद या सब्सक्रिप्शन पर डिस्काउंट देती हैं। हमेशा सामान्य खाते की जगह स्टूडेंट अकाउंट खुलवाना चाहिए क्योंकि उसमें न्यूनतम बेलेंस रखने की जरूरत नहीं होती। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को अपने खर्च को विवेकपूर्ण ढंग से नियंत्रित करने की सलाह दी और खरीद को भी आवश्यकता के अनुसार नियंत्रित करने को कहा। उन्होंने कहा कि दिखावे और स्टेटस सिंबल के चक्कर में विद्यार्थी अपने पैसे बर्बाद न करें और खर्चे में कटौती करें। उन्होंने निवेश के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि किसी से प्रभावित हुए बिना अपनी रूचि के अनुसार निवेश करना चाहिए और सभी जरूरी वैधानिक आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए। उन्होंने एजुकेशन लोन के बारे में बताया कि इससे बेहतर विकल्प इनकम शेयर बेसिस पर लोन लेने का है।

महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय, झज्जर की फैशन अनुदेशिका जगवंती ने स्वयंसेवकों को फैशन डिजाइनिंग की मूलभूत जानकारी दी। उन्होंने चद्दर और सूट जैसे घरेलू कपड़ों पर फेब्रिक पेंटिंग के बारे में अवगत कराया और स्वयंसेवकों को इसका अभ्यास भी करवाया। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार के लिए कौशल विकसित करना अनिवार्य है ताकि भविष्य में जरूरत पड़ने पर स्वरोजगार शुरू किया जा सके। उन्होंने फेब्रिक कलर, ब्रश, थ्रेड वर्क, फेब्रिक क्वालिटी, सांचा इत्यादि के बारे में भी बताया। स्वयंसेवकों ने यातायात सुरक्षा के लिए जागरूकता रैली निकाली और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर परिचर्चा भी आयोजित की। इसके माध्यम से सभी स्वयंसेवकों को इस अभियान के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।



# बचत करने की आदत डालें युवा : दीपक

## नेहरू कॉलेज में एनएसएस शिविर में विशेषज्ञों ने स्वयं सेवकों को किया जागरुक,लाया सफाई अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी




राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय झज्जर में सात दिवसीय शिविर के दौरान उपस्थित शिक्षक व छात्र।स्त्रोत संस्थान

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविर के तहत छठे दिन सोमवार को कई गतिविधियां आयोजित की गईं।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के मार्गदर्शन में देव कॉलोनी और शहीदी पार्क कॉलोनी में इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया और आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की। वाणिज्य प्राध्यापक दीपक कुमार ने पर्सनल फाइनेंस के बारे में विस्तार व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि अधिकतर विद्यार्थियों की आमदनी का साधन केवल छात्रवृत्ति है। विद्यार्थियों को अपने आई-कार्ड का हर जगह उपयोग करना चाहिए क्योंकि कंपनियां हर तरह की खरीद या सब्सक्रिप्शन पर छूट देती हैं। हमेशा सामान्य खाते की जगह छात्र खाता खुलवाना चाहिए क्योंकि उसमें न्यूनतम राशि रखने की जरूरत नहीं होती।

उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को अपने खर्च को विवेकपूर्ण ढंग से नियंत्रित करने की सलाह दी और खरीद को भी आवश्यकता के अनुसार नियंत्रित करने को कहा। उन्होंने कहा कि दिखावे और स्टेटस सिंबल के चक्कर में विद्यार्थी अपने पैसे बर्बाद न करें और खर्चे में कटौती करें। उन्होंने निवेश के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि किसी से प्रभावित हुए बिना अपनी रुचि के अनुसार निवेश करना चाहिए और सभी जरूरी वैधानिक आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए। उन्होंने एजुकेशन लोन के बारे में बताया कि इससे बेहतर विकल्प इनकम शेयर बेसिस पर लोन लेने का है। महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय की फैशन अनुदेशिका जगवंती ने स्वयंसेवकों को फैशन डिजाइनिंग की मूलभूत जानकारी दी।

उन्होंने चादर और सूट आदि कपड़ों पर फेब्रिक पेंटिंग के बारे में अवगत कराया और स्वयंसेवकों को इसका अभ्यास भी करवाया। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार के लिए कौशल विकसित करना अनिवार्य है ताकि भविष्य में जरूरत पड़ने पर स्वरोजगार शुरू किया जा सके। उन्होंने फेब्रिक कलर, ब्रश, थ्रेड वर्क, फेब्रिक क्वालिटी, सांचा इत्यादि के बारे में भी बताया। स्वयंसेवकों ने यातायात सुरक्षा के लिए जागरूकता रैली निकाली और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर परिचर्चा भी आयोजित की। इसके माध्यम से सभी स्वयंसेवकों को इस अभियान के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

### बहु कॉलेज में व्याख्यान का हुआ आयोजन

साल्हावास। राजकीय महाविद्यालय बहु में रोजगार प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान जिले के एमएसएमई के जिला रिसोर्स पर्सन सतीश कुमार कादयान ने दिया।

उन्होंने बताया कि एमएसएमई का देश के विकास में बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए उद्योग का एमएसएमई रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य होता है। उन्होंने दो अलग-अलग स्कीम प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के बारे में जानकारी दी और छात्राओं को जागरूक किया।

प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार ने वर्तमान मामलों और समाचारों से हमेशा अपडेट रहने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार, डॉ. सुखबीर सिंह, प्रो. कुलबीर सिंह, डॉ. पंकज, प्रो. आदित्य गोयल, प्रो. नरेंद्र कुमार, प्रो. पूजा शर्मा, डॉ. रविन्द्र सिंह, प्रो. सुनील कुमार, डॉ. सुचित्रा, रेखा बाई, संगीता, मोनिका मौजूद रहे। संवाद






हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Jhajjar - 20 Feb 2024 - Page 3

## विद्यार्थियों को एजुकेशन लोन के बारे में जानकारी दी

# यातायात सुरक्षा रैली निकालकर किया जागरुक

■ फैशन अनुदेशिका जगवंती ने स्वयंसेवकों को फैशन डिजाइनिंग की मूलभूत जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन सोमवार को कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाई द्वारा आयोजित शिविर के दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी व विकास सुहाग के नेतृत्व में शहर की देव कॉलोनी व शहीदी पार्क कालोनी क्षेत्र में श्रमदान किया। वाणिज्य प्राध्यापक दीपक कुमार ने पर्सनल फाइनेंस बारे आयोजित विस्तार व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों को बताया कि अधिकांश विद्यार्थियों की आमदनी का साधन केवल छात्रवृत्ति है। विद्यार्थियों को अपने आई-कार्ड का हर जगह उपयोग करना चाहिए क्योंकि कंपनियां हर तरह की खरीद या सब्सक्रिप्शन पर डिस्काउंट देती हैं। हमेशा सामान्य खाते की जगह स्टूडेंट अकाउंट खुलवाना चाहिए क्योंकि उसमें न्यूनतम बेलेंस रखने की जरूरत नहीं होती। उन्होंने कहा कि दिखावे और स्टेटस सिंबल के चक्कर में विद्यार्थी अपने पैसे बर्बाद न करें और खर्चे में कटौती करें। इसके अलावा विद्यार्थियों को एजुकेशन लोन के बारे जानकारी दी। शिविर के दौरान महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय की फैशन अनुदेशिका जगवंती ने स्वयंसेवकों को फैशन डिजाइनिंग की मूलभूत जानकारी दी। उन्होंने चद्दर और सूट जैसे घरेलू कपड़ों पर फेब्रिक पेंटिंग बारे अवगत कराते हुए स्वयंसेवकों को इसका अभ्यास भी करवाया। इसके अलावा फेब्रिक कलर, ब्रश, थ्रेड वर्क, फेब्रिक क्वालिटी, सांचा आदि बारे भी जानकारी दी। स्वयंसेवकों ने यातायात सुरक्षा को लेकर एक जागरुकता निकाल लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरुक किया।



झज्जर। जागरुकता रैली के दौरान उपस्थित विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

# दिखावे और स्टेटस सिंबल के लिए पैसे बर्बाद न करें : दीपक

- राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का छठा दिन

**जागरण संवाददाता, झज्जर :** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय झज्जर की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविर के तहत छठे दिन सोमवार को कई गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम अधिकारी डा.मीनाक्षी और विकास सुहाग के मार्गदर्शन में देव कालोनी और शहीदी पार्क कालोनी में इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया और आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की। वाणिज्य प्राध्यापक दीपक कुमार ने पर्सनल फाइनेंस के बारे में विस्तार व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि अधिकतर विद्यार्थियों की आमदनी का साधन केवल छात्रवृत्ति है।

विद्यार्थियों को अपने आई-कार्ड का हर जगह उपयोग करना चाहिए, क्योंकि कम्पनियां हर तरह की खरीद या सब्सक्रिप्शन पर डिस्काउंट देती हैं। हमेशा सामान्य खाते की जगह स्टूडेंट अकाउंट खुलवाना चाहिए, क्योंकि उसमें न्यूनतम बेलेंस रखने की जरूरत नहीं होती। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को अपने खर्च को विवेकपूर्ण ढंग से नियंत्रित करने की सलाह दी। और खरीद को भी आवश्यकता के अनुसार नियंत्रित करने को कहा। उन्होंने कहा कि दिखावे और स्टेटस सिंबल के चक्कर में विद्यार्थी अपने पैसे बर्बाद न करें और खर्चे में कटौती करें। उन्होंने निवेश के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि किसी से प्रभावित हुए बिना अपनी रूचि के अनुसार निवेश करना चाहिए और सभी जरूरी वैधानिक आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए।

उन्होंने एजुकेशन लोन के बारे में बताया कि इससे बेहतर विकल्प इनकम शेयर बेसिस पर लोन लेने का है। महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय, झज्जर की फैशन अनुदेशिका जगवंती ने स्वयंसेवकों को फैशन डिजाइनिंग की मूलभूत जानकारी दी। उन्होंने चद्दर और सूट जैसे घरेलू कपड़ों पर फेब्रिक पेंटिंग के बारे में अवगत कराया।



घरेलू कपड़ो पर फेब्रिक पेंटिंग का इस्तेमाल सीखते हुए स्वयंसेवक। ● इंटरनेट मीडिया

## दैनिक भास्कर

## झज्जर भास्कर 20-02-2024

# एनएसएस कैंप के छठे दिन स्वयंसेवकों ने यातायात के प्रति जागरूकता रैली निकाली

### राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत दोनों इकाईयों में लग रहे कैंप

**भास्कर न्यूज | झज्जर**

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविर के तहत छठे दिन सोमवार को कई गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के मार्गदर्शन में देव कॉलोनी और शहीदी पार्क कॉलोनी में इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया और आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की। स्वयंसेवकों ने यातायात सुरक्षा के लिए जागरूकता रैली निकाली और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर परिचर्चा भी आयोजित की। वाणिज्य प्राध्यापक दीपक कुमार ने पर्सनल फाइनेंस के बारे में विस्तार व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि अधिकतर विद्यार्थियों की आमदनी का साधन केवल छात्रवृत्ति है। विद्यार्थियों को अपने आई-कार्ड का हर जगह उपयोग करना चाहिए क्योंकि कंपनियां हर तरह की खरीद या सब्सक्रिप्शन पर डिस्काउंट देती हैं। हमेशा सामान्य खाते की जगह स्टूडेंट अकाउंट खुलवाना चाहिए क्योंकि उसमें न्यूनतम बैलेंस रखने की जरूरत नहीं होती। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को अपने खर्च को विवेकपूर्ण ढंग से नियंत्रित करने की सलाह दी और खरीद को भी आवश्यकता के अनुसार नियंत्रित करने को कहा। उन्होंने कहा कि दिखावे और स्टेटस सिंबल के चक्कर में विद्यार्थी अपने पैसे बर्बाद न करें और खर्चे में कटौती करें। महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय, झज्जर की फैशन अनुदेशिका जगवंति ने स्वयंसेवकों को फैशन डिजाइनिंग की मूलभूत जानकारी दी। उन्होंने चद्दर और सूट जैसे घरेलू कपड़ों पर फेब्रिक पेंटिंग के बारे में अवगत कराया और स्वयंसेवकों को इसका अभ्यास भी करवाया। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार के लिए कौशल विकसित करना अनिवार्य है ताकि भविष्य में जरूरत पड़ने पर स्वरोजगार शुरू किया जा सके। उन्होंने फेब्रिक कलर, ब्रश, थ्रेड वर्क, फेब्रिक क्वालिटी, सांचा इत्यादि के बारे में भी बताया।




यातायात के प्रति जागरूकता रैली निकालते स्वयंसेवक।

**सातवाँ दिन: 20 फरवरी 2024**

एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का समापन

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर की राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविर का मंगलवार, 20 फरवरी, 2024 को संपन्न हुआ। पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक की पूर्व प्राचार्य और गंगा इंजीनियरिंग कॉलेज, कबलाना की रजिस्ट्रार डॉ. पूनम मलिक समापन समारोह की मुख्य अतिथि रहीं। प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह ने उनका स्वागत किया। डॉ. पूनम ने स्वयंसेवकों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि गर्व करना अच्छी बात है लेकिन कभी अंहकार नहीं करना चाहिए। स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया और नुक्कड़ नाटक तथा गीत संगीत की प्रस्तुति दी। इससे पूर्व एमएसएमई के अधिकारियों ने विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता की जानकारी दी। आयुष विभाग, गुरुकुल झज्जर के आचार्य बलदेव ने योग और प्राणायाम के महत्त्व के बारे में व्याख्यान दिया और इनका प्रायोगिक अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि ओम के उच्चारण से चिंता और तनाव में राहत मिलती है। योग के अभ्यास से सभी बीमारियों को दूर किया जा सकता है। आयु श्वासों की गति से ही तय होती है। ऋषि मुनि एक मिनट में केवल तीन-चार बार की श्वास लेते हैं।

उन्होंने कपालभाति प्राणायाम, अनुलोम विलोम और शीतली प्राणायाम का अभ्यास करवाया। वर्षा और मुकुल ने मंच संचालन किया। रवि ने देशभक्ति कविता प्रस्तुत की। मीनाक्षी और स्नेहा में शिविर की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

हेमंत शर्मा बेस्ट कैंपर तथा अजित इस शिविर का बेस्ट स्वयंसेवक रहा




मतदाता बनने का शुरू हुआ त्योहार
आओ भाग लेकर पाएं आकर्षक उपहार
क्या आपका जन्म 02.01.2004 से 01.01.2006 के दौरान हुआ है
और आप मतदाता के रूप में अभी तक रजिस्टर नहीं हैं
उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, झज्जर
GPS Map Camera
Jhajjarrural, Haryana, India
JM6P+X7R, Jhajjarrural, Haryana 124104, India
Lat 28.612489°
Long 76.685589°
20/02/24 03:06 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Jhajjarrural, Haryana, India
NH352, Jhajjarrural, Haryana 124104, India
Lat 28.612685°
Long 76.679711°
20/02/24 03:04 PM GMT +05:30
Google


7 DAYS SPECIAL CAMP
Organised By
NSS UNIT - II
P.G. NEHRU COLLEGE, JHAJJAR
राष्ट्रीय सेवा योजना
Unit - I
Not me
But you
सात दिवसीय शिविर


मतदाता बनने का शुरू हुआ त्योहार
आओ भाग लेकर पाएं आकर्षक उपहार
क्या आपका जन्म 02.01.2004 से 01.01.2006 के दौरान हुआ है
और आप मतदाता के रूप में अभी तक रजिस्टर नहीं है
GPS Map Camera
Jhajjarrural, Haryana, India
NH352, Jhajjarrural, Haryana 124104, India
Lat 28.612685°
Long 76.679711°
20/02/24 03:02 PM GMT +05:30
Google


राष्ट्रीय सेवा योजना
Unit - I
सात दिवसीय शिविर
मतदाता बनने का शुरू हुआ त्योहार
आओ भाग लेकर पाएं आकर्षक उपहार
क्या आपका जन्म 02.01.2004 से 01.01.2006 के दौरान हुआ है
GPS Map Camera
Jhajjarrural, Haryana, India
JM6P+X7R, Jhajjarrural, Haryana 124104, India
Lat 28.612473°
Long 76.685551°
20/02/24 02:54 PM GMT +05:30
Google

दैनिक भास्कर
झज्जर भास्कर 21-02-2024

# एनएसएस में सिखाया अनुशासन, विनम्रता का पाठ



झज्जर| राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाई का सात दिवसीय शिविर मंगलवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के मार्गदर्शन में देव कॉलोनी और शहीदी पार्क कॉलोनी में इन शिविरों का आयोजन किया गया। पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय कॉलेज, की पूर्व प्राचार्य और गंगा इंजीनियरिंग कॉलेज, कबलाना की रजिस्ट्रार डॉ. पूनम मलिक समापन समारोह की मुख्य अतिथि रहीं। प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह ने एनएसएस शिविर में विद्यार्थियों को अनुशासन, विनम्रता का पाठ सिखया। इस मौके पर डॉ. पूनम, आयुष विभाग गुरुकुल के आचार्य बलदेव, वर्षा, मुकुल, रवि, मीनाक्षी और स्नेहा मौजूद रहे।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Jhajjar - 21 Feb 2024 - Page 3

### आचार्य बलदेव ने योग और प्राणायाम के महत्त्व के बारे में व्याख्यान दिया

# स्वयंसेवकों को जीवन में सफलता के लिए किया प्रेरित

- ओम के उच्चारण से चिंता और तनाव में राहत मिलती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाई का सात दिवसीय शिविर संपन्न हुआ। पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय रोहतक की पूर्व प्राचार्य और गंगा इंजीनियरिंग कॉलेज कबलाना की रजिस्ट्रार डॉ. पूनम मलिक समापन समारोह की मुख्य अतिथि रहीं। डॉ. पूनम ने स्वयंसेवकों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि गर्व करना अच्छी बात है लेकिन कभी अंहकार नहीं करना चाहिए। स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया और नुक्कड़ नाटक तथा गीत संगीत की प्रस्तुति दी। इससे पूर्व एमएसएमई के अधिकारियों ने विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता की जानकारी दी। आयुष विभाग से आचार्य बलदेव ने योग और प्राणायाम के महत्त्व के बारे में व्याख्यान दिया और इनका प्रायोगिक अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि ओम के उच्चारण से चिंता और तनाव में राहत मिलती है। योग के अभ्यास से सभी बीमारियों को दूर किया जा सकता है। आयु श्वासों की गति से ही तय होती है। ऋषि मुनि एक मिनट में केवल तीन-चार बार की श्वास लेते हैं। उन्होंने कपालभाति प्राणायाम, अनुलोम विलोम और शीतली प्राणायाम का अभ्यास करवाया।



झज्जर। एनएसएस शिविर के समापन पर स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय स्टॉफ के सदस्य। फोटो:हरिभूमि

# कामयाबी पर गर्व करो, कभी अहंकार नहीं करना चाहिए : पूनम

संवाद न्यूज एजेंसी

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाई का सात दिवसीय शिविर मंगलवार को संपन्न हुआ।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के मार्गदर्शन में देव कॉलोनी और शहीदी पार्क कॉलोनी में इन शिविर का आयोजन किया गया। पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय रोहतक की पूर्व प्राचार्य और गंगा इंजीनियरिंग कॉलेज कबलाना की रजिस्ट्रार डॉ. पूनम मलिक समापन समारोह की मुख्य अतिथि रहीं। प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह ने उनका स्वागत किया। डॉ. पूनम ने स्वयंसेवकों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि गर्व करना अच्छी बात है लेकिन कभी अंहकार नहीं करना चाहिए।

स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया और नुक्कड़ नाटक तथा गीत संगीत की प्रस्तुति दी। वृक्षरोपण का संदेश दिया। इससे पूर्व एमएसएमई के अधिकारियों ने विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता की जानकारी दी। आयुष विभाग गुरुकुल झज्जर के आचार्य बलदेव ने योग और प्राणायाम के महत्त्व के बारे में व्याख्यान दिया और इनका प्रायोगिक अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि ओम के उच्चारण से चिंता और तनाव में राहत मिलती है। योग के अभ्यास से सभी बीमारियों को दूर किया जा सकता है।

आयु श्वासों की गति से ही तय होती है। ऋषि मुनि एक मिनट में केवल तीन-चार बार की श्वास लेते हैं। उन्होंने कपालभाति प्राणायाम, अनुलोम विलोम और शीतली प्राणायाम का अभ्यास करवाया। वर्षा और मुकुल ने मंच संचालन किया। रवि ने देशभक्ति कविता प्रस्तुत की। मीनाक्षी और स्नेहा में शिविर की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।



राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर में सात दिवसीय शिविर के दौरान उपस्थित शिक्षक व छात्र। फोटो: संस्थान